# बडौदा अस्पताल में एक्सरे की सुविधा फिर से शुरु



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा गत दिनों स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बडौदा में एक्सरे की सुविधा को फिर से बहाल कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि टेक्निशियन के अभाव में बडौदा अस्पताल में एक्सरे मशीन होने के बावजूद रोगियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के बाद सीएमएचओ डॉ. दिलीप सिकरवार द्वारा बडौदा अस्पताल का निरीक्षण कर एक्सरे मशीन का चालू किये जाने हेतु टेक्निशियन की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये एक्सरे मशीन को चालू करने की व्यवस्था की गई है। अब बडौदा क्षेत्र के लोगों को फिर से एक्सरे मशीन की सुविधा प्राप्त होने लगेगी।

# विद्यार्थी-शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित, निःशुल्क गणवेश का वितरण




**श्योपुर ब्यूरो।** सीएम राईज विद्यालय श्योपुर में विद्यार्थी-शिक्षक सम्मान समारोह एवं निःशुल्क गणवेश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण के मुख्य आतिथ्य में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री संजय महाना, बीईओ श्रीमती मधु शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री संजय मंगल, श्री राजबहादुर मारू सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर एनएमएमएस परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यालय के बच्चों सहित उनके पालकों का सम्मान किया गया साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि श्री शशांक भूषण ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा तथा शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीएम राईज विद्यालयों की स्थापना की गई है। इन स्कूलों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुये कहा कि पूरे मनोयोग से अध्ययन करें और शिक्षा के क्षेत्र में अपने परिवार तथा जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक खंडेलवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री विठ्ठल शर्मा ने किया।

# डाईट में प्रधानाध्यापकों का लीडरशिप प्रशिक्षण जारी



**श्योपुर ब्यूरो।** राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में डाईट श्योपुर प्रधानाध्यापकों का लीडरशिप प्रशिक्षण जारी है। गत 21 अप्रैल से शुरू हुआ तृतीय चरण का यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल तक चलेगा। डाईट प्राचार्य श्री राघवेंद्र सिंह सिकरवार ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों के शाला प्रभारी एवं प्रधानाध्यापकों को दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी शाला प्रभारियों को शाला प्रबंधन, समुदाय के साथ व्यवहार, सहभागिता तथा शाला में अकादमिक वातावरण निर्माण करने आदि पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही छात्रों की उपस्थिति, शाला के स्टाफ के साथ व्यवहार, कम्युनिटी सहयोग प्राप्त करने एवं एक नेतृत्वकर्ता होने के नाते एक शाला प्रधान में क्या-क्या गुण विकसित होना आवश्यक है पर 14 मॉड्यूल के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। राज्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त 10 मास्टर ट्रेनर द्वारा डाइट में 8 अप्रैल से विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। अब तक तीन चरण में प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है, जिसमें लगभग 540 प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। कुल 5 चरणों में यह प्रशिक्षण पूर्ण किया जायेगा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य श्री राघवेंद्र सिकरवार ने प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के बारे में बारीकी से जानकारी प्रदान करते हुये कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त सीखों को अपनी-अपनी शालाओं में उपयोग करते हुये विद्यालय को बेहतर प्रबंधन के माध्यम से अच्छा शैक्षणिक केंद्र बनाये। प्रशिक्षण की सम्पूर्ण व्यवस्था प्रशिक्षण प्रभारी श्री राजेश त्रिवेदी द्वारा की जा रही है।

# तीसरे दिन भी चला बंजारा डैम पर स्वच्छता श्रमदान

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं को सहेजने का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद श्योपुर के तत्वावधान में सीप नदी स्थित बंजारा डैम पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम तीसरे दिन भी जारी रहा तथा जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों द्वारा बडी संख्या में बंजारा डैम पहुंचकर सीप नदी की साफ-सफाई कार्य में सहभागिता की गई। इस अवसर पर नगर पालिका श्योपुर के सफाई मित्र भी बडी सख्या में सफाई अभियान में शामिल रहे। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग के नेतृत्व में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सीप नदी बंजारा डैम पर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री संजय महाना, श्री सुजीत गर्ग, सीएमओ श्री राधेरमन यादव, पार्षदगण एवं पार्षद प्रतिनिधि श्री विष्णु पाराशर, श्री जुगल मेहरा, श्री अकबर अली दाउदी, श्री दीपचंद रेगर, श्री ओपी सिकरवार, श्री विकास अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता श्री जय सिंह जादौन, सीडब्ल्यूसी सदस्य श्री गणेश पाराशर, श्री चौथमल शर्मा, श्री आशीष चौहान, श्री आदित्य चौहान, श्री गिर्राज शर्मा, सिंह श्री सखावत अली, श्री शकील अहमद, श्री अरविंद पाराशर, श्री शिशुपाल सिंह तोमर, श्री इस्लाम मोहम्मद सहित अन्य जन प्रतिनिधि नागरिकगण नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# उजाला स्व सहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी

**दतिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल ने विगत दिवस 8 अप्रैल 2025 को शासकीय प्राथमिक विद्यालय सासूती दतिया का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री तेम्रवाल ने पाया कि उजाला स्व सहायता समूह द्वारा जारी पीएम पोषण वितरण बंद है। जिस की पुष्टि स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा भी की गई। जो कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के विपरीत है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया श्री तेम्रवाल ने संबधित उजाला स्व सहायता समूह के कारण बताओ नोटिस जारी कर 10 दिवस में सभी अभिलेख लेकर समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उन्होंने जारी नोटिस में उल्लेख किया है कि यदि समूह के अध्यक्ष/सचिव समस्त दस्तावेज लेकर उपस्थित नहीं होते है तो समूह को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए समूह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# पक्षियों के लिए पानी हेतु संकोरे टांके



**श्योपुर ब्यूरो।** जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मठेपुरा द्वारा ग्राम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु संकोरे टांके गये। गर्मी के मौसम मे पक्षियों को पीने के पानी की व्यवस्था के लिए संकोरा अभियान चलाया गया है, जिसके तहत नवांकुर संस्था मठेपुरा द्वारा गांव में विभिन्न स्थानों पर संकोरे टांके गये। संस्था के अध्यक्ष श्री अविनाश माहौर ने बताया कि संकोरों को हमारे स्वयं सेवकों द्वारा नियमित रूप से भरा भी जायेगा, जिससे पक्षियों को गर्मियों के दिनों में पानी की उपलब्धता होगी। इस अवसर पर अभियान के नोडल प्रभारी श्री गिर्राज शर्मा, श्री भगवान लाल शर्मा, मेंटर श्री सुविंदर कौर, श्री विवेक परिहार, श्री मनोज शर्मा, श्री कुलदीप मीणा, श्री विराट माहौर ,श्री रोहित माहौर, श्री विवेक मीणा, श्री रिंकू मीणा, श्री गिर्राज मीणा, श्री रामचरण गुर्जर, आदि उपस्थित रहे।

# बडौदाकला तालाब पर श्रमदान, शपथ भी ली

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य सतत रूप से संचालित हैं। इसके साथ ही लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम बडौदाकला में जन अभियान परिषद द्वारा तालाब पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने जानकारी दी कि ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शाहीन परवीन के नेतृत्व में सोशल वेलफेयर एंड अनवरोल सोसायटी के सहयोग से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बड़ौदा कला द्वारा तालाब में श्रमदान किया गया तथा जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बड़ौदा कला के अध्यक्ष श्री महेंद्र परिहार सीताराम स्व सहायता समूह की महिलाएं नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# 70 हजार रूपये मूल्य की अवैध शराब जब्त



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री कमल सिंह सिकरवार के निर्देशन में आबकारी वृत्त कराहल के ग्राम बरगंवा एवं आमेट में दबिश देते हुये मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गये हैं। उक्त कार्रवाई में कुल 45 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 21 पाव देशी मदिरा प्लेन,9 पाव गोवा चीपर जब्त की गई है तथा, 600 किलोग्राम लाहन नष्ट करने की कार्यवाही की गई। जप्तशुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 71790 रुपये पाई गई । उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक निधि जैन, मुख्य आरक्षक कल्याण सिंह जादौन सहित आरक्षक एवं होमगार्ड सैनिक शामिल रहे।

# जिला प्रतिनिधि का चयन हेतु आजीवन सदस्यों की प्रारंभिक सूची का

### जिला शाखा भिण्ड में किया गया है प्रकाशन, सदस्य 05 मई तक दावा आपत्ति कर सकते हैं प्रस्तुत

**भिण्ड ब्यूरो।** सचिव भारतीय रेडकॉस सोसायटी भिण्ड ने बताया है कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा भिण्ड के अंतर्गत आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि भारतीय रेडकॉस सोसायटी म0प्र0 राज्य शाखा भोपाल हेतु जिला प्रतिनिधि का चयन किए जाने हेतु जिला शाखा भिण्ड के आजीवन सदस्यों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन दिनांक 22 अप्रैल 2025 को जिला शाखा भिण्ड में किया गया है, जिन सदस्यों को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो, वे अपने दावाध्आपत्ति दिनांक 22 अप्रैल 2025 से 5 मई 2025 तक दोपहर 3.00 बजे तक रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय जिला चिकित्सालय परिसर भिण्ड में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु गठित सर्वे दल द्वारा मेहगांव में

### जन जागरूकता का कार्य किया गया




**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पवन तिवारी के निर्देशन में बाल भिक्षावृत्ति अभियान का अगला चरण विकासखंड महिलाओं में प्रचार प्रसार जागरूकता के माध्यम से बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु गठित सर्वे दल द्वारा सर्वप्रथम विकासखंड मेहगांव में पहुंचकर जन जागरूकता का कार्य किया गया। मेहगांव महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री महावीर सिंह, पर्यवेक्षक एवं अन्य स्टाफ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। सामाजिक कार्यकर्ता संजय मिश्रा के द्वारा आगे अवगत कराया गया कि कार्यकर्ताओं को अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाकर उन्हें अवगत कराया गया कि बाल भिक्षावृत्ति समूचे समाज पर एक कलंक है और यह अत्यंत ही गलत कार्य है। किशोर न्याय अधिनियम की धारा 76 में यह अपराध घोषित किया गया है तथा कोई भी अगर बालक को बाल भिक्षावृत्ति के उद्देश्य से नियोजित करता है तो उसे 5 साल की सजा का प्रावधान है उसके पश्चात वहां पर जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें श्शिभक्षावृत्ति अभिशाप हैश्श् श्शिभक्षा नहीं शिक्षाश्श् के नारे लगाए गए। साथ में महिला बाल विकास विभाग मेहगांव परियोजना से दीपक ओझा, रामबरन कटारे ,अरविंद भदौरिया,अवनीश दीक्षित, मौजीलाल प्रजापति, पर्यवेक्षक- विमलेश शर्मा, सरिता शर्मा, सुधा शर्मा, रेखा रायपुरिया,सलमा बेगम एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताऐ उपस्थित रही।

# रोजगारोन्मुखी व्यवसायों में कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत

### निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन 15 मई तक

**भिण्ड ब्यूरो।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड श्री सुनील दुबे ने बताया है कि म.प्र.खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय जिला पंचायत भिण्ड द्वारा वर्ष 2025-26 में कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवक एंव युवतियों को कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, कम्प्यूटर एकाउण्ट विथ टैली, ब्युटी पार्लर, रेफीरिजरेटर एवं एयर कंडीसनर रिपेयरिंग, टू-व्हीलर/थ्री-व्हीलर/ फोर-व्हीलर/ट्रेक्टर रिपेयरिंग, फूड प्रोसेसिंग (आचार, मुरब्बा, मसाले, इत्यादि) बेकरी, प्लम्बर, राजमिस्त्री, वुड कारपेन्टर, लेदर, फुटवेयर, लेदर गुड्स, दौना पत्तल, इलेक्ट्रीशियन घरेलु उपकरण मरम्मत, मोटर बाईडिंग, सोलर पैनल इंस्टालान/ रिपेयरिंग, अगरबत्ती निर्माण, बेसिक सिलाई गारमेंटस, फैशन डिजायनिंग/ वीडियोग्रॉफी/ फोटोग्राफी, मोबाईल रिपेयरिंग, कृत्रिम आभूषण निर्माण, कत्तिन बुनकर मधुमक्खी पालन इत्यादि व्यवसायों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिलवाऐ जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। प्रशिक्षण के लिए http://crisponlineservices.com/services/khadi/user_Registration_Khadi.asp& पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन दिनांक 15 मई 2025 तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रबंधक खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत कार्यालय भिण्ड में संपर्क करें।

# एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का भव्य आयोजन




**भिण्ड ब्यूरो।** जिले द्वारा चयनित आनंद ग्राम कुमरौआ,खादर गऊघाट पंचायत भवन में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन मां सरस्वती के पूजन वंदन कर श्री गणेश किया गया। कार्यशाला कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच रंजना-जसवंत बंसल ने की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मलेरिया अधिकारी भिंड डी के शर्मा एवं एम टी ग्राम विकास विभाग से अंगद सिंह यादव की उपस्थिति रही जिन्होंने आनंद की ओर विषय पर विस्तृत विचार व्यक्त किये. जिला समन्वयक आनंद विभाग के संजय सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिन्होंने आनंद राज्य संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तृत प्रकाश डाला. अल्पविराम कार्य शाला में में फ्रीडम क्लास प्रयोग के आधार पर प्रदर्शन जिला मास्टर ट्रेनर चंद्रकांत वौहरे ने प्रदर्शन कर लोगों को आनंदित किया तथा स्वयं में स्वयं को जानकर बुराइयां दूर करने के लिए प्रेरित किया. जिला आनंदम सहयोगी आर.एस दिनकर ने समझ,संबंधों का निर्वहन तथा सुविधाओं का सही क्रम जीवन जीने के लिए सदैव आनंदित रहने के लिए विषयों पर अभिनय पूर्वक प्रस्तुति दी. तथा सहभागियों को अल्पविराम का अभ्यास कराया. कार्यक्रम में सहभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिए तथा अल्पविराम अभ्यास के साथ जीवन जीने का संकल्प लिया. साथ ही जिला आनंद समन्वयक संजय सिंह ने सहभागियों को विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रकृति एवं पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए विलुप्त होते जीव जंतु तथा वनस्पति एवं प्राकृतिक स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दिलाया. कार्यक्रम में गांव के पटवारी आशीष त्रिपाठी, जन अभियान परिषद से सोहन भदौरिया,ग्राम सचिव चरण सिंह, समाजसेवी जसवंत बंसल एवं तकनीक सहयोग में नीरज मुजौरिया ने भरपूर सहयोग किया. कार्यशाला के आयोजन उपरांत सहभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए एवं सामूहिक फोटोग्राफी कार्यक्रम उपरांत कार्यशाला समापन की घोषणा की गई।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जंक फूड/ स्ट्रीट फूड/फास्ट फूड के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु चलाया जा रहा है विशेष अभियान

### कई जंक फूड/स्ट्रीट फूड/फास्ट फूड विक्रेताओं से लिए नमूने, स्वच्छता से खाद्य पदार्थों का निर्माण करने दिए निर्देश



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन के निर्देशन में शासन द्वारा जंक फूड/स्ट्रीट फूड/फास्ट फूड के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार दो दिवस से निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कु. रेखा सोनी द्वारा बंगला बाजार स्थित गुप्ता जी चाट वाले प्रो. अभिषेक गुप्ता से मीठी चटनी और पानीपुरी का पानी के नमूने लेकर जांच हेतु भेजे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लश्कर रोड़ पर स्थित जैन छोले भटूरे से छोले की सब्जी एवं श्री पारसनाथ फूड प्वाइंट खण्डा रोड़ से छोले की सब्जी एवं पावभाजी के नमूने एकत्र कर साफ-सफाई व स्वच्छता से खाद्य पदार्थों का निर्माण करने के निर्देश दिए। खाद्य पदार्थ निर्माण व सर्व करते समय एप्रेन, ग्लब्स, कैप को पहनने के निर्देश देते हुए सभी खाद्य पदार्थों को स्वच्छ पात्रों में रखकर ढकने के निर्देश दिए। खाद्य पदार्थों को तलने वाले तेल का प्रयोग तीन बार से अधिक न करने के निर्देश देते हुए, न्यूज पेपर का प्रयोग पूर्णतः बंद करने के निर्देश दिए। मंशापूर्ण हनुमान मंदिर व गल्ला मंडी के पास स्थित फास्ट फूड के विक्रेताओं को अजीनोमोटो का कम से कम प्रयोग व फूड कलर का कम से कम प्रयोग की समझाइश देते हुए उनके हानिकारक प्रभाव को बताया। गल्ला मंडी गेट के पास स्थित बाबा पानीपुरी सेंटर से पानीपुरी के पानी का नमूना लेकर उपस्थित विक्रेताओं को साफ सफाई व स्वच्छता से खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय करने, न्यूज पेपर का उपयोग न करने, फूड कलर का कम से कम प्रयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया एवं खाद्य लायसेंस बनवाने के निर्देश दिए।

# एक जिला एक औषधीय पौधे (एलोवेरा) के अंतर्गत प्रत्येक

### विकासखंड पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया प्रशिक्षण, एलोवेरा पौधे का संग्रहण, भंडारण, प्राथमिक विपणन विषयों पर दी गई जानकारी



**भिण्ड ब्यूरो।** आयुष विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य औषधि पादप बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार देवारण्य योजना के अंतर्गत हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तारतम्य में आज जिला आयुष अधिकारी डॉ नीलम कुशवाह के मार्गदर्शन में भिण्ड जिले में ब्लॉक स्तर पर 'एक जिला एक औषधीय पौधे (एलोवेरा)' के अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखंड पर कृषकों, संग्राहकों, एफपीओ सदस्यों आदि को पूर्व में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा आज प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एलोवेरा पौधे के औषधीय गुणों को बताकर, पारंपरिक फसल की तुलना में कम लागत, कम देखभाल, कम सिंचाई एवं अधिक उपार्जन आदि के कारण इसकी फसल से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया, साथ ही एलोवेरा पौधे का संग्रहण, भंडारण, प्राथमिक विपणन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिले भर से 150 से अधिक कृषकों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर एलोवेरा की फसल करने में उत्साह दिखाया।

# आगामी 10 मई को लोक अदालत में मिलने वाले लाभों से आमजन हो रहे जागरूक



**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार 10 मई, 2025 को जिला न्यायालय भिण्ड एवं तहसील न्यायालय लहार, गोहद एवं मेहगांव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में माननीय श्री उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा 10 मई, 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में ए.डी.आर. सेंटर भिण्ड से अध्यक्ष द्वारा प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया एवं पक्षकारगण को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण के निराकरण हेतु शीघ्र एवं सरल न्याय की प्रक्रिया के बारें में अवगत कराया गया। इसी क्रम में प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से पूरे भिण्ड शहर तथा समीपवर्ती ग्रामों में लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया गया तथा लोक अदालत के लाभों के संबंध में आमजनों को पेप्लेट्स वितरित किए जाने हेतु श्री उपेन्द्र व्यास एवं श्री हेमंत कुमार पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा जानकारी दी गई। ए0डी0आर0 सेन्टर भिण्ड से लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आमजन में लोक अदालत की प्रक्रिया एवं राजीनामें के फायदों के संबंध में जागरूकता प्रसारित करने के लिए नगरपालिका परिषद् भिण्ड के समन्वय से प्रचार-प्रसार वाहनों को रवाना किया गया। उक्त अवसर पर सम्माननीय न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, एलएडीसीएस अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# धोखाधड़ी के मामलों में फरार जमीन कारोबारी राजीव गुप्ता गिरफ्तार

## जमीनों की हेराफेरी के दर्ज थे 6 मामले



**शिवपुरी ब्यूरो।** शहर में जमीन कारोबार से जुड़े व्यापारी राजीव गुप्ता को दो साल की मसक्कत के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी के 6 मामलों में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे न्यायालय में पेश करेगी। आरोपी राजीव गुप्ता पर जमीनों की हेराफेरी करने और लोगों के साथ हेराफेरी करने को लेकर कोतवाली में 6 मामले दर्ज हुए थे। इसके बाद से ही पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी और दो वर्ष की लम्बी फरारी काटने के बाद पुलिस ने आज उसे धर दबोचा। शिवपुरी निवासी राजीव गुप्ता ने सत्तारूढ दल के प्रभावशाली नेता के संरक्षण में शहर में जमीनों का व्यवसाय शुरू किया। उसके सहयोगियों में एक कर्मचारी नेता भी शामिल था। देखते ही देखते जमीनों के व्यापार में उसने अपनी थाक जमा ली। उसके साथ शहर के कई नामचीन लोग जिनमें शिक्षक, राजनैतिक रसूख रखने वाले लोगों सहित प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारी भी जुड़ गए हैं। जिनके प्रभाव के चलते राजीव गुप्ता ने जमीनों का एक बड़ा कारोबार खड़ा कर लिया और कई शासकीय जमीनों पर भी अपना अधिकार जमा लिया। कई स्थानों पर प्लाटिंग की गई। उस पर यह गंभीर आरोप लगा कि उसने एक ही प्लाट को कई लोगों को विक्रय कर दिया। जिसके परिणामस्वरूप खरीदने वालों ने राजीव गुप्ता पर धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज कराई और कोतवाली पुलिस ने ऐसे 6 मामले दर्ज किए जिनमें राजीव गुप्ता शामिल था। इन धोखाधडियों के मामलों में लगभग दो साल से राजीव फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसने पकडने् का प्रयास कर रही थी लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा था आज सुबह कोतवाली पुलिस को राजीव गुप्ता के शहर में होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने दविश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। जहां से उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# जांच दल को देखकर फर्जी डॉक्टर फरार, क्लीनिक सील, एफआईआर के दिए निर्देश

**शिवपुरी ब्यूरो।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने जिले में अवैध तरीके से संचालित क्लीनिक एवं झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में डॉ सुनील कुमार खंडोलिया जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉक्टर सौरभ तरवरिया चिकित्सा अधिकारी, राघवेंद्र धाकड़ फार्मासिस्ट और बालेंदु रघुवंशी फार्मासिस्ट के दल द्वारा फिजिकल रोड श्याम मेडिकल के पास कुरैशी क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर कुरैशी से क्लिनिक संचालन के दस्तावेज चाहे गए जबकि डॉक्टर द्वारा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कर सके और घर से दस्तावेज लाने की बात कह कर फरार हो गए। तभी निरीक्षण दल द्वारा पड़ोसियों से फोन लगवाए गए किंतु डॉक्टर द्वारा ना ही फोन रिसीव किया और ना ही घर से वापस आए। निरीक्षण दल द्वारा कार्यवाही करते हुए क्लिनिक को सील किया गया है। इस मामले में सीएमएचओ ने कथित चिकित्सक के विरुद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश भी दिए हैं।



# जनसनुवाई के लाभार्थियों ने किया केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का दिया धन्यवाद, जताया आभार

## समस्या निराकरण का संबंधितों को सौंपा ससम्मान पत्र, आवेदन निराकरण कर शिकायतकर्ताओं ने जताई खुशी



**शिवपुरी ब्यूरो।** बीती 8 फरवरी 2025 को जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन गांधी पार्क में गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से सांसद व केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया था। जहां हजारों आवेदकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र आए थे जिसमें कई समस्याओं का मौके पर ही केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया के द्वारा निराकरण किया गया तो वहीं कई हितग्राहियों को मौके पर ही संबंधित योजनाओं से लाभान्वित कराया गया। इसके साथ ही शेष शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को लेकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश पर मंडल स्तर पर समस्या समाधान पत्र लाभार्थियों के निवास पर पहुंचकर ससम्मान पत्र प्रदाय किए गए। इसके साथ ही जहां-जहां जिन लोगों अपनी मूलभूत आवश्यकताओं सहित अन्य समस्याओं के संदर्भ में शिकायती आवेदन सौंपे थे, उन समस्याओं के निराकरण होने पर उनके समस्या का निदान किया गया, इस संदर्भ में जानकारी प्रदान की और कई हितग्राहियों को जिन्हें योजनाओं से लाभ मिलने के संबंध में शिकायत थी, उनके पात्र प्रमाण पत्र बनवाकर संबंधितों को प्रदाय किए गए, जिसके चलते ऐसे शिकायतकर्ता जिनकी समस्या बहुत समय से लंबित थी उन समस्याओं का केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से निराकरण किया गया और इन सभी समस्याओं के निराकरण व हितग्राहियों को पात्र योजनाओं से लाभान्वित करने पर प्रमाण पत्र प्रदाय किए गए। जिसके प्रति सभी ने केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया की इस पहल का स्वागत किया और आभार जताया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरवीर सिंह रघुवंशी, गिर्राज शर्मा, सुधीर आर्य, नीरज तोमर, सुरेंद्र कुशवाह आदि मौजूद रहे। यहां सभी लाभार्थियों ने केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के प्रति योजनाओं का लाभ दिलाने और समस्या समाधान के प्रति आभार प्रकट किया।

# आदिवासी बस्ती से अवैध शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर एसपी ऑफिस पहुंची महिलाएं

## बोलीं- परिवारों पर गहरा रहा आर्थिक संकट

**शिवपुरी ब्यूरो।** देहात थाना क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं ने अवैध शराब की दुकानों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मदकपुरा लुधावली की महिलाएं बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने वेयरहाउस के पास और सहरिया बस्ती में चल रही अवैध शराब की दुकानों को बंद कराने की मांग की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के लक्ष्मण आदिवासी और मुकेश परिहार यह अवैध धंधा चला रहे हैं। इन दुकानों पर दिन-रात भीड़ जमा रहती है। नशे में धुत लोग गाली-गलौज करते हैं। गरीबों के साथ मारपीट और महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने बताया कि इसे लेकर हाल ही में एक दुखद घटना सामने आई। लुधावली के सुनील आदिवासी ने इन्हीं दुकानों से शराब पी। फिर अपनी साली के साथ बाइक पर निकला। गुना बायपास पर शिक्षा विभाग के बीईओ की कार से उनकी बाइक टकरा गई। इस हादसे में सुनील की मौत हो गई।



महिलाओं का कहना है कि बस्ती के बीच शराब की दुकानें होने से युवा और बच्चे भी नशे की ओर बढ़ रहे हैं। मजदूर अपनी कमाई शराब में उड़ा रहे हैं। इससे परिवारों पर आर्थिक संकट गहरा रहा है। घरेलू हिंसा की घटनाएं भी बढ़ी हैं। महिलाओं ने एसपी से इन अवैध दुकानों को तुरंत बंद कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बनेगा।

# मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचे जाने की दी हिदायत, खाद्य सुरक्षा टीम ने 6 प्रतिष्ठानों पर लिए सैंपल

**शिवपुरी ब्यूरो।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थ की जांच के निर्देश दिए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम और नापतोल निरीक्षक के संयुक्त दल द्वारा शहर के कई प्रतिष्ठानों और मोबाइल फूड वेंडर का निरीक्षण किया गया और 6 स्थानों से खाद्य पदार्थों से सैंपल भी लिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जंक फूड बेचने वालों को हिदायत भी दी है कि सही तेल का उपयोग करें। मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचें। जिसमें घी, पनीर, कुल्फी, बादाम शेक, आशीर्वाद नूडल्स पैक्ड, चावल और उड़द दाल डोसा आटा आदि पर विशेष तौर से चेकिंग की गई। शिवपुरी एसडीएम उमेश कौरव ने बताया कि शिवपुरी शहर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विष्णु दत्त शर्मा और नापतोल निरीक्षक आरके चतुर्वेदी ने संयुक्त दल के साथ नीलगर चौराहा स्थित महाकालेश्वर दूध डेयरी से घी खुला, प्रिंस दूध डेयरी नीलगर चौराहा से पनीर, शिव शक्ति मिक्स आइसक्रीम ग्वालियर बायपास से कुल्फी, शिव शक्ति मिक्स आइसक्रीम से बादाम शेक जूस, गुरुद्वारा स्थित आमी डोसा वाला से आशीर्वाद नूडल्स पैक्ड, चावल उड़द दाल डोसा आटा के सैंपल लिए हैं।

# अपना घर आश्रम संस्था द्वारा किया जाएगा आदर्श गौशाला का नव निर्माण : कलेक्टर रविन्द्र चौधरी

## केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रेरणा से अब अपना घर आश्रम करेगा गौशाला का संचालन



**शिवपुरी ब्यूरो।** जिस तरह से अपनो से दूर, बेघर, लावारिसों की सेवा में शहर के एबी रोड़ पर संचालित अपना घर आश्रम का संचालन कर रही है उसी प्रकार से संस्था अपना घर आश्रम के द्वारा अब शहर के बीचों बीच लुधावली स्थित गौशाला का संचालन भी किया जाएगा और आने वाले समय में यहां आदर्श गौशाला का स्वरूप प्रदान किया जाएगा जो आने वाले समय में संपूर्ण अंचल शिवपुरी ही नहीं बल्कि प्रदेश में एक आदर्श गौशाला के रूप में अपनी अलग पहचान के लिए जानी जाएगी। यह बात कही जिला कलेक्टर रविन्द्र चौधरी ने जो स्थानीय लुधावली गौशाला को प्रशासनिक अधिकारियों व नपाध्यक्ष एवं सीएमओ के समक्ष संस्था अपना घर आश्रम की सुपुर्दगी में लेते हुए गौसेवा को लेकर उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। यहां बताना होगा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आशीर्वाद और प्रेरणा से लुधावली गौशाला का संचालन अब अपनाघर आश्रम के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधीश रविन्द्र सिंह चौधरी ने लुधावली गौशाला को संचालन का अनुबंध अपनाघर आश्रम के अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल, सचिव राजेन्द्र गुप्ता सेठ को सुपुर्द किया। इस दौरान आश्रम परिवार के गोविन्द बंसल, कैलाश दुबे, महेंद्र रावत, धर्मेंद्र अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, गणेश भाग्यवंत उपस्थित रहे। यह अनुबंध नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा, सीएमओ इशांक धाकड़, डूडा अधिकारी रमेश सिंह, पशुपालन विभाग अधिकारी डॉ बी.पी.यादव, एसडीएम उमेश कौरव, तहसीलदार शर्मा, बेडनरी डाक्टरों, समाजसेवी तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सुपुर्द किया। अपनाघर आश्रम के सभी सदस्यों ने इस गौशाला को एक आदर्श गौशाला बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपना घर आश्रम अध्यक्ष रमेशचंद अग्रवाल ने बताया कि यह गौशाला प्रदेश के लिए एक आदर्श गौशाला साबित होगी, क्योंकि यह गौशाला केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रेरणा से अपनाघर आश्रम को प्रदाय की गई है, हम सभी सदस्यों और सेवासाथियों के साथ मिलकर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के इस संकल्प को मिलकर पूर्ण करेंगे।

# एबीवीपी ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में आतंकियों का पुतला फूंका, एसपी कार्यालय तक किया मार्च

**शिवपुरी ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को दो अलग-अलग मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन किया। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रों ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में किया गया। एबीवीपी इकाई अध्यक्ष कपिल गुर्जर ने कहा कि पहलगाम की घटना में आतंकियों ने धर्म पूछकर पर्यटकों को गोली मारी। विद्यार्थी समुदाय ऐसी घटनाओं का विरोध करता है। इसी दिन एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नशे के खिलाफ भी आवाज उठाई। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय से एसपी कार्यालय तक मार्च किया। एएसपी संजीव मुले को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें शिवपुरी जिले में नशे के विक्रय और प्रसार पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। एबीवीपी नगर मंत्री विक्रम गुर्जर और प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ रघुवंशी ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए आगे भी चरणबद्ध आंदोलन और जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन पर बैसाख अमावस्या मेले के अवसर पर मेला स्पेशल गाड़ियों का संचालन

**झांसी।** 26.04.2025 से 28.04.2025 तक एक मेला स्पेशल वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी -चित्रकूट धाम कर्वी-वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी के मध्य संचालित की जायेगी। इसका आगमन - प्रस्थान समय वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी रेलवे स्टेशन से 10:10 बजे होगा, ओरछा स्टेशन पर 10:25 - 10:26 बजे, बरूआसागर पर 10:36-10:37 बजे,निवाडी स्टेशन पर 10:47- 10:48 बजे, मगरपुर स्टेशन पर 10:55-10:56 बजे, टेहरका स्टेशन पर 11:03 - 11:04 बजे, रानीपुर रोड स्टेशन पर 11:14 - 11:15 बजे, मऊरानीपुर स्टेशन पर 11:25-11:27 बजे, रोरा स्टेशन पर 11:37 - 11:38 बजे, हरपालपुर स्टेशन पर 11:50-11:52 बजे, घुटई स्टेशन पर 12:02-12:03 बजे, बेलाताल स्टेशन पर 12:15-12:16 बजे, कुलपहाड स्टेशन पर 12:35 - 12:36 बजे, चरखारी रोड स्टेशन पर 12:46 - 12:47 बजे, महोबा स्टेशन पर 13:30 - 13:32 बजे, बरीपुरा स्टेशन पर 13:42-13:43 बजे, कबरई स्टेशन पर 14:00-14:01 बजे, मटौंध स्टेशन पर 14:15-14:16 बजे, खैराडा स्टेशन पर 14:35-14:36 बजे, बांदा स्टेशन पर 15:25 - 15:30 बजे, डिंगवही स्टेशन पर 15:45 - 15:46 बजे, खुरहण्ड स्टेशन पर 16:00 -16:01 बजे, अतर्रा स्टेशन पर 16:15 - 16:17 बजे, बदौसा स्टेशन पर 16:30 - 16:31 बजे, भरतकूप स्टेशन पर 16:45-16:46 बजे, शिवरामपुर स्टेशन पर 17:00-17:01 बजे ठहराव लेते हुए यह गाडी चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन पर 17:45 बजे पहुंचेगी। वापसी में इसका आगमन-प्रस्थान समय चित्रकूट धाम कर्वी से 19:25 बजे होगा,शिवरामपुर स्टेशन पर 19:33-19:34 बजे, भरतकूप स्टेशन पर 19:41 - 19:42 बजे,बदौसा स्टेशन पर 19:52-19:53 बजे,अतर्रा स्टेशन पर 20:01 - 20:03 बजे, खुरहण्ड स्टेशन पर 20:13 - 20:14 बजे, डिंगवही स्टेशन पर 20:22 - 20:23 बजे, बांदा स्टेशन पर 20:50 - 20:55 बजे, खैराडा स्टेशन पर 21:08 - 21:09 बजे,मटौंध स्टेशन पर 21:18 - 21:19 बजे, कबरई स्टेशन पर 21:29 - 21:30 बजे, बरीपुरा स्टेशन पर 21:39 - 21:40 बजे, महोबा स्टेशन पर 21:50 - 21:52 बजे, चरखारी रोड स्टेशन पर 22:01 - 22:02 बजे, कुलपहाड स्टेशन पर 22:11- 22:12 बजे, बेलाताल स्टेशन पर 22:20 - 22:21 बजे, घुटई स्टेशन पर 22:31 - 22:32 बजे, हरपालपुर स्टेशन पर 22:41 - 22:43 बजे, रोरा स्टेशन पर 22:54 - 22:55 बजे, मऊरानीपुर स्टेशन पर 23:04 - 23:06 बजे, रानीपुर रोड स्टेशन पर 23:15 - 23:16 बजे, टेहरका स्टेशन पर 23:25 - 23:26 बजे, मगरपुर स्टेशन पर 23:40 - 23:41 बजे, निवाडी स्टेशन पर 23:47 - 23:48 बजे, बरूआसागर स्टेशन पर 23:57 - 23:58 बजे,ओरछा स्टेशन पर 00:07- 00:08 बजे ठहराव लेते हुए,यह गाड़ी वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी रेलवे स्टेशन रात्रि 01:00 बजे पहुँचेगी। 26.04.2025 से 28.04.2025 20:10 बजे होगा, ओरछा स्टेशन पर इसका आगमन-प्रस्थान समय 20:25 - 20:26 बजे, बरूआसागर स्टेशन पर 20:36 - 20:37 बजे, निवाडी स्टेशन पर 20:47 - 20:48 बजे, मगरपुर स्टेशन पर 20:55 - 20:56 बजे, टेहरका स्टेशन पर 21:03 - 21:04 बजे, रानीपुर रोड स्टेशन पर 21:14 - 21:15 बजे, मऊरानीपुर स्टेशन पर 21:25 - 21:27 बजे, रोरा स्टेशन पर 21:37 - 21:38 बजे, हरपालपुर स्टेशन पर 21:50 - 21:52 बजे, घुटई स्टेशन पर 22:02 - 22:03 बजे, बेलाताल स्टेशन पर 22:50 - 22:51 बजे, कुलपहाड स्टेशन पर 23:00 - 23:01 बजे, चरखारी रोड स्टेशन पर 23:11 - 23:12 बजे, महोबा स्टेशन पर 23:40 - 23:42 बजे, बरीपुरा स्टेशन पर 23:52 - 23:53 बजे, कबरई स्टेशन पर 00:12 - 00:13 बजे, मटौंध स्टेशन पर 00:24 -00:25 बजे, खैराडा स्टेशन पर 00:35 - 00:36 बजे, बांदा स्टेशन पर 01:00 - 01:05 बजे, डिंगवही स्टेशन पर 01:19 - 01:20 बजे, खुरहण्ड स्टेशन पर 01:39 - 01:40 बजे, अतर्रा स्टेशन पर 01:51 - 01:53 बजे, बदौसा स्टेशन पर 02:02 - 02:03 बजे, भरतकूप स्टेशन पर 02:14 - 02:15 बजे, शिवरामपुर स्टेशन पर 02:40 - 02:41 बजे ठहराव लेते हुए यह गाडी चित्रकूट धाम कर्वी 03:05 बजे पहुंचेगी।

वापसी में इसका आगमन-प्रस्थान समय चित्रकूट धाम कर्वी से 04:40 बजे होगा, शिवरामपुर स्टेशन पर 04:53 - 04:54 बजे, भरतकूप स्टेशन पर 05:01 - 05:02 बजे, बदौसा स्टेशन पर 05:12 - 05:13 बजे, अतर्रा स्टेशन पर 05:21 - 05:41 बजे, खुरहण्ड स्टेशन पर 05:49 - 05:50 बजे, डिंगवही स्टेशन पर 05:58 - 05:59 बजे, बांदा स्टेशन पर 06:45 - 06:50 बजे, खैराडा स्टेशन पर 07:03 - 07:04 बजे, मटौंध स्टेशन पर 07:13 - 07:14 बजे, कबरई स्टेशन पर 07:24 - 07:25 बजे, बरीपुरा स्टेशन पर 07:34 - 07:35 बजे, महोबा स्टेशन पर 07:45 - 07:47 बजे, चरखारी रोड स्टेशन पर 07:56 - 07:57 बजे, कुलपहाड स्टेशन स्टेशन पर 08:06 - 08:07 बजे, बेलाताल स्टेशन पर 08:15 - 08:16 बजे, घुटई स्टेशन पर 08:26 - 08:27 बजे, हरपालपुर स्टेशन पर 08:36 - 08:38 बजे, रोरा स्टेशन पर 08:49 - 09:10 बजे, मऊरानीपुर स्टेशन पर 09:19 - 09:21 बजे, रानीपुर रोड स्टेशन पर 09:30 - 09:31 बजे, टेहरका स्टेशन पर 09:40 - 10:04 बजे, मगरपुर स्टेशन पर 10:12 - 10:13 बजे, निवाडी स्टेशन पर 10:19 - 10:20 बजे, बरूआसागर स्टेशन पर 10:29 - 10:30 बजे, ओरछा स्टेशन पर 10:40- 10:41 बजे ठहराव लेते हुए यह गाड़ी वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी रेलवे स्टेशन 11:10 बजे पहुँचेगी। उपरोक्त सुविधा के अतिरिक्त दिनांकः26.04.2025 से दिनांकः28.04.2025 तक गाड़ी संख्या 64613/64614 वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी-बाँदा मेमू को चित्रकूट धाम कर्वी तक आवश्यकतानुसार विस्तारीकृत किया जायेगा।

# राइज एप के माध्यम हर बच्चे के नियमित टीकाकरण की होगी निगरानी

## चिकित्सा अधिकारियों को दिया रैपिड इम्यूनाइजेशन स्किल इनहान्समेंट (राइज) का प्रशिक्षण



**धौलपुर, ब्यूरो।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को स्वास्थ्य भवन पर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की टीकाकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में रैपिड इम्यूनाइजेशन स्किल इनहान्समेंट (राइज) ई-लर्निंग प्लेटफार्म के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने कहा कि हर बच्चे को नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए एएनएम और स्वास्थ्य कार्मिकों को डिजिटल प्रशिक्षण देने हेतु रैपिड इम्यूनाइजेशन स्किल एन्हांसमेंट (आरआईएसई) ऐप के जरिए ये स्वास्थ्य कार्यकर्ता टीकाकरण कार्यक्रमों की निगरानी, सत्र प्रबंधन, वैक्सीन सुरक्षा, कोल्ड चेन प्रबंधन और टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभावों से बचाने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा, प्रशिक्षण से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने बच्चों को टीका लगाने से हिचकिचाने वाले परिवारों को ट्रैक करने और परामर्श देने में मदद मिलेगी, जिससे पूरे जिले में अधिक टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित होगा। इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिव कुमार शर्मा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य नियमित टीकाकरण में लगे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के कौशल और दक्षता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा, ÷यह ऐप टीका लगाने वालों के लिए क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह सुनिश्चित करता है कि स्वास्थ्य कार्मिक टीकाकरण कार्यक्रमों में नई तकनीकों को शामिल करने के साथ अपडेट रहें। कार्यशाला में जेएसआई प्रशिक्षक अभय बोहरा और शाहीन हैदर ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव मीणा, समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में लघु एवं सीमांत कृषकों को बैलों की जोड़ी पर मिलेगा अनुदान

**धौलपुर, ब्यूरो।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2025-26 घोषणा के तहत निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में लघु एवं सीमांत कृषकों को बैलों से खेती करवाये जाने पर किसानों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 30 हजार रूपये प्रति जोड़ा दिया जायेगा। इसके लिये किसान के पास लघु सीमांत प्रमाण-पत्र, बैलो की जोड़ी, बैलों का पशु बीमा, बैलों की उम्र 15 वर्ष से कम होनी आवश्यक है। इसके लिये किसान जनआधार व आधार कार्ड 6 माह से कम समय की नवीनतम जमाबंदी, लघु सीमांत प्रमाण-पत्र, बैलों की जोड़ी के साथ किसान की फोटो सहित राजकिसान साथी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। पहले आओं, पहले पाओं के सिद्धांत पर प्राथमिकता अनुसार किसानो का चयन किया जायेगा। दस्तावेजों की जांच मे कोई त्रुटि रही तो किसान को विभाग द्वारा मोबाईल पर मैसेज दिया जाकर ई-मित्र से सुधार करवा सकते हैं। इसके लिये अधिकतम 30 दिवस का समय दिया जावेगा अन्यथा आपका आवेदन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा। प्रशासनिक स्वीकृति उपरांत सहायक कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी सम्बन्धित ग्राम पंचायत के पशुपालन विभाग का कार्मिक, तीनों विभाग के कार्मिकों द्वारा संयुक्त रूप से भौतिक सत्यापन किया जाकर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जायेगा। लघु व सीमांत श्रेणी के कृषको के अतिरिक्त अन्य किसान आवेदन के पात्र नही है।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए आवाज उठाएं- रेखा यादव

## बाल विवाह प्रतिषेध रैली को सचिव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**धौलपुर, ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा प्रेषित एक्शन प्लान की पालना में तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग एवं अध्यक्ष जिला बाल संरक्षण इकाई जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा मंजरी फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जिला कलेक्ट्रेट से सिटी जुबली हॉल धौलपुर तक बाल विवाह प्रतिषेध रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मनीराम शर्मा, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मधु शर्मा, महिला अधिकारिता विभाग के कर्मचारी, समाज कल्याण के कर्मचारी, बाल अधिकारिता विभाग के कर्मचारी महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी, मंजरी फाउंडेशन के कर्मचारी, शिक्षा विभाग से कर्मचारी, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, जिला प्रशासन के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। जिसमें रेखा यादव द्वारा रैली में उपस्थित महिलाओं को बताया कि हमारे समाज में बहुत सी कुरीतियां हैं उन्हीं में से एक है बाल विवाह। बाल विवाह का अर्थ है यदि बालिका की उम्र 18 वर्ष और यदि बालक की उम्र 21 वर्ष से कम हो तो वह बाल विवाह है। बाल-विवाह बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए घातक है आदि के बारे में विस्तार से बताया। रैली में 70 महिलाएं उपस्थित रही।

# ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**धौलपुर, ब्यूरो।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बुधवार को ईवीएम, वीवीपेट, वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उनके द्वारा ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा से संबंधित निरीक्षण किया गया। उन्होनें वेयर हाउस स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रख रखाव, सीसीटीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा, परिसर की सुरक्षा सहित सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं के निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# ग्वालियर संविधान बचाओ रैली में हुंकार भरेंगे चंबल के कांग्रेस कार्यकर्ता




**मुरैना,कांस।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मुरैना जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गांधी बल निकेतन मैरिज होम में जिला स्तरीय कांग्रेस कमेटी की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय बैठक के मुख्य अतिथि श्री लाखन सिंह यादव पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं जिला कांग्रेस मुरैना के प्रभारी एवं शहर जिला कांग्रेस के प्रभारी श्री सिद्धार्थ कुशवाहा विधायक सतना एवं राहुल शर्मा के आतिथ्य में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मधुराज तोमर एवं दीपक शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अभी हाल ही में भोपाल में संपन्न हुई बैठक के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने विस्तार से सभी कांग्रेसियों को अवगत कराया उन्होंने कहा कि संगठन में बदलाव की प्रक्रिया जारी है और संविधान बच्चा की 28 अप्रैल को ग्वालियर में होने वाली रैली के संबंध में विस्तार से अपने विचार व्यक्त किया और उसकी आयोजन की तैयारी की जानकारी ने सभी जिले से पधारे हुए कांग्रेस जनों को दिशा निर्देश जारी कर सबको जिम्मेदारी सौंपी मुख्य अतिथि लाखन सिंह यादव ने सभी को कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराया और ग्वालियर में होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा संगठन को मजबूत बनाने एवं रैली को सफल बनाने के लिए एक-एक कार्यकर्ता को बुलाकर सुझाव मांगे और होने वाली विशाल रैली को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी दी । बैठक को मुरैना के विधायक दिनेश गुर्जर ने संबोधित किया और पूरी विधानसभा से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को सम्मिलित करने का आश्वासन दिया बैठक को अंबा से विधायक देवेंद्र सकवार ने भी संबोधित किया और सभी को आश्वस्त किया कि अधिकतर संख्याओं में पधारकर ग्वालियर में होने जा रही संविधान बचाओ रैली को भव्य बनाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में अपनी सहभागिता प्रदान करने को लेकर वरिष्ठ नेतृत्व को आश्वस्त किया। बैठक को सभी उपस्थिति ब्लाक अध्यक्षों ने संबोधित किया और अपनी-अपनी जिम्मेदारी को निभाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। जिला स्तरीय बैठक में जिले के समस्त पदाधिकारियों के साथ साथ ब्लॉक अध्यक्ष प्रकोष्ठों के अध्यक्ष मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष महिला मोर्चा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी का उपस्थित हुए उनमें प्रमुख रूप से श्री भगवान सिंह तोमर विनीत कंसाना नेता प्रतिपक्ष नगर निगम सुभाष सिकरवार सतपाल सिंह कुशवाहा अशोक सिंह भदोरिया वीरेंद्र सिंह हर्षाना राजेंद्र यादव सुनील शर्मा हरीश पाठक प्रवक्ता उदयवीर सिंह सिकरवार मानवेंद्र सिंह सिकरवार रामवीर तोमर हरीराम सिंह गुर्जर गजेंद्र सिंधी नजमा बेगम, रामू टुंडेललकर कार्यालय मंत्री,मंजू सिकरवार ब्लॉक अध्यक्ष में विक्रम राज मुद्गल उत्तरमुरैना अब्दुल रज्जाक दक्षिण मुरैनापटेल रिंकू पचौरी पश्चिम मुरैना राजेंद्र सिंह जादौन ब्लॉक अध्यक्ष सबलगढ़ राजकुमार सिकरवार ब्लॉक अध्यक्ष जावरा भागचंद यादव ब्लॉक अध्यक्ष सुमावली पूरन यादव ब्लॉक अध्यक्ष बामोर परशुराम जाटव ब्लॉक अध्यक्ष जीगनी प्रदीप रजक रीना कमल रावत नरेंद्र सिंह सिकरवार सुरेंद्र सिंह यादव रामू तोमर मनीष शर्मा रईस खान अशोक तोमर रमेश अर्गल गोविंद गोले बृज किशोर सकवार लोकेंद्र सिंह यादव पूरन सिंह यादव रामस्वरूप माहौर वेदराम माहौर संदीप बैसला गोलू पालिया रघुवीर शर्मा गौरव चतुर्वेदी रामवीर बघेल संजय छवि पुरुषोत्तम कंसाना टिकरी नंबर खान अवनीश कटारे पवन शुक्ला रमेश उपाध्याय अतर सिंह तोमर हर्ष तोमर कमलेश व्यास गया प्रसाद शर्मा राजेश मिश्रा अशोक यादव गौरव यादव कुलदीप यादव किशन पंडित आरिफ पठान विनोद जानवर राजेश राठौर धर्मेंद्र गुर्जर रामस्वरूप सरपंच गौरव जादौन शैलेंद्र शर्मा प्रेम सिंह बघेल यादवेंद्र उपाध्याय जगन्नाथ कुशवाहा मोनू पोरसा अतर सिंह तोमर हर्ष तोमर भूरे तोमर बेदरी गोविंद सिंह गोपी सिंह इकबाल पठान आशा जयपुरिया सरोज अंगूरी भावना मुन्नी आदि कांग्रेस जन उपस्थित हुए। मंच का संचालन प्रवक्ता हरीश पाठक ने किया। अंत में पहलगाम में हुए नरसंहार में दिवंगत आत्माओं को 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदनाएं दी साथ ही आतंकवाद का पुतला जलाकर भारत सरकार से मांग की दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जावे ।

# श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर।** इकलौद ग्राम पंचायत के थाक्केपुरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पावन अवसर पर पांचवें दिवस की कथा में सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं. भूपेन्द्र शास्त्री जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं का भक्तिभाव से वर्णन किया। शास्त्री जी ने कथा के माध्यम से पूतना वध की दिव्य कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के पश्चात कंस ने उन्हें मारने के लिए राक्षसी पूतना को भेजा, जो स्तन में विष लगाकर बालक को मारना चाहती थी, किन्तु भगवान ने उसे मृत्यु लोक पहुंचा दिया। यह प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आगे कथा में उन्होंने कार्तिक माह में इंद्र पूजन की परंपरा एवं भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन महाराज की पूजा का संदेश दिए जाने का सुंदर वर्णन किया। जब इंद्रदेव ने क्रुद्ध होकर मूसलधार वर्षा की, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग सुनते ही पांडाल जयकारों से गूंज उठा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखने हेतु श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह श्रीमद्भागवत कथा श्रीमती सियादेवी श्रीपति कुशवाह द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से आयोजित की जा रही है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर नगर पालिका पर प्रदर्शन के ज्ञापन सौंपा

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**सबलगढ़।** मार्क्सवादी कम्युनिस्टपार्टी ने जिला सचिव मुरारीलाल धाकड़ के नेतृत्व में बुधवार को प्रदर्शन कर सात सूत्रीय ज्ञापन लेखपाल रामप्रसाद को सौंपा। शहर में सात स्थानों पर प्याऊ लगाने,पेयजलसमस्या से ग्रसित वार्डो में टैंकर से जल परिवहन करने,नालों की सफाई,बस स्टैंड के पास नाला निर्माण,कर्मचारियों को नियमित करने उनके स्वत्वों के भुगतान करने आदि समस्याओं को ज्ञापन में शामिल किया गया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नगर इकाई द्वारा जिला सचिव मुरारी लाल धाकड़ जिला समिति सदस्य इसराइल खान, अरविंद सगर, जगदीश गुप्ता, विक्की राठौर के नेतृत्व में नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए सात सूत्रीय ज्ञापन दिया। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन दिया। तत्काल पेयजल संकट का हल करने सात स्थानों पर नगर में प्याऊ लगाने की मांग की गई। नपाधिकारी ने ज्ञापन लेने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। माकपा नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आगे आने वाले दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा।

# विजयपुर की एनआरसी में भर्ती हुए आठ कुपोषित बच्चे

**विजयपुर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार कुपोषण निवारण अभियान के अंतर्गत पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) विजयपुर में ग्राम अहिरवानी से 3, बेनीपुरा से 4 एवं गुन्नीपुरा से एक कुल 8 कुपोषित बच्चों को भर्ती कराया गया। वर्तमान में एनआरसी में कुल 22 बच्चे उपचार प्राप्त कर रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने पलायन से लौटे परिवारों के बीच लगातार संपर्क व समझाइश कर कुपोषित बच्चों की पहचान की। सतत प्रयासों के चलते चिन्हित बच्चे उपचार हेतु एनआरसी लाए गए। इस समूचे कार्य की समीक्षा एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा द्वारा की गई, जिन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की सक्रियता की सराहना की। अभियान में विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती रमा माहौर, श्रीमती प्रेमलता नामदेव, एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती मंजू गुप्ता, श्रीमती रामा रजक और श्रीमती भूरी बघेल का विशेष सहयोग रहा। प्रशासन एवं विभाग के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र में कुपोषण की स्थिति में सुधार की आशा जताई जा रही है।

# सरपंच को रास्ते में रोककर की मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर।** विजयपुर थानाक्षेत्रांतर्गत ग्राम गढ़ी निवासी जयप्रकाश शर्मा विजयपुर से अपने घर जा रहे थे। तभी दबंगो ने रास्ता रोक कर मारपीट कर दी। जिसके बाद फरियादी ने विजयपुर थाने पहुंचकर आरोपियों खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। जिसमें फरियादी ने बताया कि आरोप है कि गढ़ी बस स्टैंड पर रतीराम धाकड़, बीरबल धाकड़, अन्नू धाकड़ ने उनकी गाड़ी रोक ली और एफआईआर की रंजिश के चलते गाली-गलौच कर मारपीट की। पीड़ित जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि जैसे ही वे गाड़ी से उतरे, अन्नू धाकड़ ने एक व्यक्ति को बुला लिया और फिर चारों ने मिलकर जयप्रकाश पर हमला कर दिया। मारपीट में उन्हें चेहरे और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। जब उनके भाई सोनू और ड्राइवर बल्लू ने बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे बल्लू को भी चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि ष्सरपंची हम कराएंगे, तू नहीं कर सकता। अगर कहीं नजर आया तो खत्म कर देंगे। चूंकि जयप्रकाश ग्राम गढ़ी के सरपंच भी हैं, इस घटना को गांव की राजनीति से जोड़कर भी देखा जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद जयप्रकाश शर्मा ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर थाना विजयपुर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर।** जिला कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शाहीन परवीन के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत अगरा में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था माता पार्वती ग्राम उत्थान समिति पार्वती बड़ौदा ने सहयोग किया। संगोष्ठी के दौरान जलाशयों की सफाई एवं गहरीकरण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए जल बचाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर पंचायत के सरपंच मुकेश राठौर, सचिव शंभुदयाल गोयल, पूर्व सरपंच, वार्ड सदस्यगण तथा माता पार्वती ग्राम उत्थान समिति से नितेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शाहीन परवीन ने किया।

# सीएम हेल्पलाईन में सबलगढ़ जनपद को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**सबलगढ़।** सीएम हेल्पलाईन निराकरण में ए ग्रीटिंग हासिल करते हुए जनपदपंचायत सबलगढ़ ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।इस उपलब्धि के संबंध में जनपदपंचायत के सीईओ श्री ललितकुमार चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दिनांक 3 मार्च 2025 को सबलगढ़ में कार्यभार संभालने के बाद जनपदपंचायत के सभी कर्मचारियों,सचिव व जीआरएस की बैठक ली और भरोसा दिलाया कि हम सबको टीम भावना के साथ काम करना है।

उल्लेखनीय है कि सीईओ श्री चौधरी के इस मृदुल व्यवहार का ही परिणाम है कि सीएम हेल्पलाईन में 98.63प्रतिशत रेटिंग प्राप्त कर मुरैना जिले में प्रथम व प्रदेश में 5 वें स्थान को प्राप्त करने की उपलब्धि हासिल की थी।अब सीएम हेल्पलाईन का शत प्रतिशत निराकरण कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर जनपदपंचायत सबलगढ़ को अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल हुई है।

# म. प्र. शिक्षक संघ ने प्रभारी डीईओ को शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में सौंपा ज्ञापन



**मुरैना,कांस।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार की अध्यक्षता में विगत दिवस जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई उस बैठक में शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित विस्तृत चर्चा की गई चर्चा के बाद शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन तैयार कर 22 अप्रैल 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्को सोपा गया ज्ञापन में जिन बिंदुओं का उल्लेख किया गया वे इस प्रकार है मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा श्कलेक्टर को भी ज्ञापन दिया गया उसके बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी एवं ओआईसी द्वारा भी कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है, पूर्व में भी जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिये गये उन पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। और न ही किसी कमेटी का गठन किया गया तब जाकर संगठन ने सभी से चर्चा कर धरना पर वैठने की बात कही है। शिक्षको की समस्या निम्न प्रकार है।क्रमोन्नति एवं एरियर भुगतान में समस्या पैदा करना एवं कुछ शिक्षकों की क्रमोन्नति लगाने के बाद हटा दी गई है जिससे क्रमोन्नति लगाने वाले कार्यालय पर प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है, डी. ए. के एरियर का भुगतान करवाने के संबंध में , एनपीएस में मिसिंग सुधार कर पासबुक निर्धारण करवाना तथा सीएसी एवं बीएसी की हुई मिसिंग पर तत्काल कार्यवाही करने के संबंध में कुछ शिक्षकों का एनपीएस नहीं कट रहा है जो के एनपीएस काटा जावे , शासकीय कर्मचारियों को गृह भत्ता नगर निगम मुरैना को नगर निगम के क्षेत्र अंतर्गत संकुल केंद्रो के सभी शिक्षकों को 7 प्रतिशत मूल वेतन में जोड़ा जावे, दिव्यांग भत्ता गृह भत्ता के साथ बढ़ाया गया है जिसके शीघ्र आदेश प्रसारित कराने के संबंध में, ग्रीष्मकालीन अवकाश को 1 मई से 15 जून तक अवकाश घोषित किया जावे एवं छात्रों के साथ शिक्षकों को भी इस अवकाश का लाभ दिया जावे, पूर्व में जिला चिकित्सालय बोर्ड के द्वारा दिव्यांग सर्टिफिकेट शिक्षकों के बनाए गए थे एवं वर्तमान में डिजिटल सर्टिफिकेट बनाए जा रहे हैं तथा दिव्यांग प्रतिशत कम किया जा रहा है जो ठीक नहीं इसलिए डॉक्टर को इस पर संवेदना से कार्य करने की कृपा करें वर्तमान में संचालित शासकीय विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम की पुस्तक नहीं दी जा रही है जिससे शैक्षणिक कार्य प्रतिवर्ष प्रभावित होता है कृपया शीघ्र अंग्रेजी माध्यम की पुस्तक उपलब्ध कराई जावे, शिक्षकों से अवकाश के दिनों में कार्य करने पर प्राचार्यों द्वारा अर्जित अवकाश नहीं दिया जा रहा है और न ही सेवा पुस्तिका का प्रतिवर्ष अधतन किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियो का दोहन हो रहा है। , पेंशनरो को भी नाजायज पेराशान किया जा रहा है। शिक्षको के मेडीकल क्लेम मे लापरवाही की जा रही है। कई वर्षों के मेडीकल क्लेम पेंडिंग है। तत्काल निपटारा किया जावे, कई महीनो से प्राथमिक माध्यमिक शिक्षको के पद आज दिनांक तक सृजित नही किये गये है। जिससे शिक्षकों का वेतन ऑफलाइन डल रहा है। हक्क फंड का नुकसान हो रहा है। श्रीमान जी द्वारा ऐसा आदेश किया जावे जिससे कार्यों की समय सीमा निर्धारित की जावे जिससे शिक्षको को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे । और न ही उन्हे प्रताड़ित होना पड़ेगा।उपरोक्त मांगों का एक विस्तृत ज्ञापन सोपा गया यदि इस ज्ञापन की सभी मांगों पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गंभीरता पूर्वक विचार कर शीघ्र निराकरण की पहल नहीं की गई तो मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक गण शीघ्र ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे, भूख हड़ताल करेंगे एवं विशाल आंदोलन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष किया जावेगा जिसकी समस्त जवाबदेही सभी वरिष्ठ कार्यालयों की होगी ।

# पहलगाम नरसंहार के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पश्चिम ने आतंकवाद का जलाया पुतला



**मुरैना ब्यूरो।** ब्लॉक पश्चिम कांग्रेस कमेटी के द्वारा एमएस रोड बिजली घर के सामने पहलगांव हत्याकांड के विरोध में पश्चिम ब्लॉक के अध्यक्ष रिंकू पचौरी के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला दहन किया गया ।उपरोक्त जानकारी देते हुए पार्टी के प्रवक्ता हरीश पाठक ने बताया कि पुतला दहन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मधुराज तोमर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा विधायक मुरैना दिनेश को गुर्जर पश्चिम ब्लॉक के सभी पदाधिकारी गण एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे नरसंहार की घोर निंदा की गई सभी लोगों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि आतंकवाद के खिलाफ नरसंहार के दोषियों को तत्काल कड़ी कार्रवाई करें और दिवंगत लोगों के परिवार जनों के लिए 25-25 लाख की सहायता राशि शीघ्र जारी की जावे ।और एक परिवार में से एक सदस्य को सरकारी सेवा प्रदान की जावे । आतंकवाद की लड़ाई में संपूर्ण देश आपके साथ है पुतला दहन में अशोक सिंह भदोरिया सुभाष सिकरवार सतपाल सिंह कुशवाहा नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष विनीत कंसाना मानवेंद्र गांधी पवन शुक्ला किशन पंडित उदयवीर सिंह सिकरवार के पी कंसाना दीपक सोलंकी रामू टुंडेललकर कार्यालयमत्री, हरीराम सिंह गुर्जर गोलू पालिया अविनाश कटारे छोटू तोमर अशोक तोमर रामू तोमर मनीष शर्मा सुल्तान सिंह सिकरवार गजेंद्र सिंधी प्रदीप रजक अब्दुल रजाक पटेल अवनीश कटारे रघुवीर स्वामी उपस्थित हुए।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मुरैना (म0प्र0)

कमांक/क्यू/3/मा.रा./खनिज/2025/542 मुरैना,दिनांक– 17/04/2025

(म.प्र.गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1–क) के अर्न्तगत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति जो लागू हो प्राप्त करने के लिए)

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक–श्री जितेन्द्र सिंह पुत्र श्री पूरन सिंह नि0–ग्राम पारौली तहसील मुरैना हाल तह0 बामौर जिला मुरैना द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदनपत्र दिनांक– 05.04.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक– 23/05/2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आंमत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल **http://ekhanij.mp.gov.in** प्रस्तुत किये जावेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/शासकीय | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुरैना | मुरैना हाल तह0 बामौर | पारौली | 112/1<br>332<br>333 | 2.000 हे0 | शास. भूमि | फर्सीपत्थर उत्खनिपट्टा | |

1– उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों सें विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारिख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाइन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2– यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त होते है। तो प्रथम आवेदन पत्र एवं अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।


3– यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है। तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी । विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे । उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।


4– निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

जिला खनि अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला मुरैना (म0प्र0)

G-11869/25

# जनसुनवाई में आठ वार आवेदन देने के बाद भी नही हुआ सरदार सिंह की समस्या का निदान





**मुरैना,कांस।** लोगों की समस्याओ का निराकरण समय सीमा में हो इसके लिए मध्यप्रदेश शासन द्धारा जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 से 1 बजे तक हर विभाग में जनसुनवाई की जाती है।

ताकि लोगों की समस्याओ का प्राथमिकता से समय सीमा में निराकरण किया जा सकें। यह जन सुनवाई विभागो के अलावा कलेक्टर द्धारा भी की जाती है, कलेक्टर की जनसुनवाई में सभी विभागो के विभाग प्रमुख भी उपस्थित रहते है, ताकि जिस विभाग से संबंधित शिकायत होता है उसे निराकरण के लिए उसी विभाग प्रमुख को दे दिया जाता है। शासन की मंशानुसार कलेक्टर भी समय-समय पर टीएल बैठक में जनसुनवाई के आवेदनो की समीक्षा भी करते है। लेकिन फिर भी जनसुनवाई में कई लोगो की शिकायतो का निराकरण नही होने से वे हताश एवं परेशान रहते है, और प्रत्येक मंगलवार की जनसुनवाई में वे पुनःआवेदन लेकर समस्या के निदान की आश में आते है, लेकिन जब उनकी समस्या का समाधान बार-बार आकर आवेदन देने के बाद भी नही होता है तो वे जनसुनवाई के सिर्फ दिखावा मान बैठते है। ऐसा ही एक प्रकरण मुरैना तहसील के ग्राम खेरिया में निवास करने वाले सरदार सिंह का प्रकाश में आया है। आवेदक सरदार सिंह ने बताया कि उसके पिता स्व. श्री रोशनलाल का निधन दिनांक 16.8.2019 हो गया था, सरदार सिंह ने अपने पिता के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि सर्वे क्रमांक 221,222,388,448,245/2 के अंश भाग के नामांतरण एवं बटवारे के लिए आठ बार कलेक्टर कार्यालय में हर मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के दौरान दिनांक 6.8.2024,11.2.25,4,3,25,11.3.25,18.3.25,25.3.25,1.4.25,8.4.25 एवं कमिश्नर कार्यालय में 22 अप्रेल 2025 को आवेदन प्रस्तुत कर चुका है। लेकिन अभी तक उसकी समस्या का निराकरण नही हुआ है,जबकि प्रदेश सरकार द्धारा नामांतरण, बटवारा हेतु राजस्व विशेष अभियान भी चलाया गया था, लेकिन आवेदक के आवेदनों का निराकरण नही होने से वह काफी परेशान एवं दुखी है। उसका कहना है कि प्रदेश सरकार की जनसुनवाई सिर्फ दिखावा है, जनसुनवाई लोगो के आवेदन लेकर उन्हें आश्वासन देने तक सीमित रह गई है। आवेदक ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसके पिता के स्वामित्व की भूमि का नामांतरण एवं बटवारे करने की मांग की है।

